# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)
रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.) 491001

ई मेल : durgpractical@gmail.com वेब साइट : www.durguniversity.ac.in

क्रमांक /232/ गोप. / 2025 दुर्ग, दिनांक 26 / 06 / 2025

प्रति,

प्राचार्य
समस्त संबद्व महाविद्यालय,
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

**विषय :– सत्र 2024–25 स्नातक द्वितीय सेमेस्टर (NEP) की प्रायोगिक परीक्षा के संबंध में ।**

विषयान्तर्गत सत्र 2024–25 स्नातक द्वितीय सेमेस्टर (NEP) की प्रायोगिक विषयों की प्रायोगिक परीक्षाएं दिनांक **04-07-2025** से **15-07-2025** तक संपन्न किया जाना हैं। प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परिक्षार्थियों के अंक प्रेषण हेतु निर्धारित प्रारुप विश्वविद्यालय के पोर्टल **https://durgnep.ucanapply.com** में ऑनलाईन उपलब्ध होगें, जिसे पोर्टल में लॉगिन कर डाउनलोड कर प्रिंटआउट प्राप्त कर लेवें। महाविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप में प्रायोगिक परीक्षा के अंक दर्ज कर बाहय परीक्षक, आंतरिक परीक्षक यथास्थान हस्ताक्षरित करें तथा अंक पोर्टल में ऑनलाईन दर्ज करें। तत्पश्चात **Submit** कर **Lock** करें, **Lock** होने के पश्चात् प्रायोगिक अंक में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा। प्रायोगिक परीक्षा संपन्न होने की तिथि में ऑनलाईन अंक दर्ज किया जाना अनिवार्य हैं।

बाह्य परीक्षकों द्वारा जिस पत्रक में ऑफलाईन अंक पेन से दर्ज किये जायेगे, उसे पर्ण (**Foil**) एवं पोर्टल में ऑनलाईन अंक दर्ज करने के पश्चात किये गये प्रिंट आउट को प्रतिपर्ण (**Counter Foil**) माना जायेगा।

उपरोक्तानुसार ऑनलाईन अंक दर्ज करने के पश्चात प्रिंट आउट प्राप्त कर लेंवे एवं बाह्य परीक्षक, आंतरिक परीक्षक के हस्ताक्षरोपरांत सील बंद लिफाफे (**Foil/ Counter Foil**) विश्वविद्यालय गोपनीय विभाग में दिनांक **18-07-2025** तक अनिवार्यतः जमा करेंगे। **प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले परीक्षार्थियों को अन्य महाविद्यालय में उक्त विषय की प्रायोगिक परीक्षा में शामिल होने की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी।** अतः परीक्षार्थी इस बात का विशेष ध्यान रखे कि वे संबंधित महाविद्यालय में आयोजित होने वाले प्रायागिक परीक्षा में अनुपस्थित न रहें।

**टीपः– महाविद्यालय दिनांक 04-07-2025 से ऑनलाईन पोर्टल खुलने के पश्चात् ही प्रायोगिक परीक्षा संपन्न किया जाना सुनिश्चित करेंगे।**

उपकुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग

पृ. क्रमांक /233/ गोप. / 2025 दुर्ग, दिनांक 26 / 06 / 2025

प्रतिलिपि :–

1. कुलपति के निज सहायक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।
2. कुलसचिव के निज सहायक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।
3. वित्त अधिकारी हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग को सूचनार्थ।

सहायक कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग